खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 24 मार्च, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-83

MPL®
STEEL PIPES
Issi par hai bharosa

MPL GROUP WISHES YOU




HAPPY AND SAFE
HOLI

Since 1959, MPL Steel Pipes has stood at the forefront of manufacturing high-quality steel. Each MPL steel pipe undergoes more than 40 rigorous inspections, ensuring unmatched strength and durability. Our extensive product range of 450+ sizes is designed to cater to all your residential and commercial structural requirements with 4000+ applications.

40+ QUALITY CHECKS
450+ WIDE RANGE 450 + SIZES
EASY TO USE/ FABRICATE
SMOOTH EDGES




100% IS 10748 CERTIFIED HR COIL

TÜV INDIA
ISO 9001 + ISO 14001 + ISO 45001 Certified
www.mplsteelpipes.com

For more details, please contact: 040-67330000 | www.mplsteelpipes.com
MPL HOUSE, Pillar No. 75, 13-6-439/1/A/111/10&11, Balaji Nagar, Mehdipatanam Ring Road, Hyderabad- 500006

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 24 मार्च, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# बीआरएस ने सिकंदराबाद संसदीय सीट से पद्मा राव गौड़ को मैदान में उतारा

**हैदराबाद, 23 मार्च (शुभ लाभ ब्युरो)।**

बीआरएस ने शनिवार को घोषणा की कि सिकंदराबाद से उसके विधायक टी. पद्मा राव गौड़ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उसके उम्मीदवार होंगे।

पद्मा राव की उम्मीदवारी की घोषणा बीआरएस अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव ने की, जिन्होंने पद्मा राव को पार्टी के एक वफादार वरिष्ठ नेता के रूप में वर्णित किया, जो पार्टी की स्थापना के बाद से बीआरएस के साथ रहे हैं। पार्टी की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पदमा राव को उम्मीदवार के रूप में चुनने का निर्णय वरिष्ठ बीआरएस नेताओं और पार्टी विधायकों के साथ चर्चा के बाद लिया गया।

चन्द्रशेखर राव द्वारा पदमा राव की पार्टी के प्रति वफादारी का जिक्र करना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि अब बीआरएस विधायक, एक अन्य विधायक दानम नागेंदर से मुकाबला करेंगे, जिन्होंने बीआरएस टिकट पर



खैरताबाद से पिछला विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन हाल ही में कांग्रेस पार्टी के प्रति वफादारी बदल ली। इसके तुरंत बाद, उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए सिकंदराबाद से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया। नागेंद्र के कांग्रेस में जाने को बीआरएस पार्टी ने विश्वासघात का कृत्य बताया है, जिसने पार्टी की वफादारी बदलने के लिए विधायक के रूप में उनकी अयोग्यता की भी मांग की है।

बीआरएस ने सिकंदराबाद से अपने उम्मीदवार की घोषणा के साथ, तीन प्रमुख दलों, कांग्रेस, भाजपा और बीआरएस की प्राथमिक लाइन-अप पूरी हो गई है, जिसमें भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री और राज्य पार्टी अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है। इन तीन उम्मीदवारों के मैदान में होने के कारण, इस बार सिकंदराबाद में एक मौजूदा सांसद और दो मौजूदा विधायकों के बीच मुकाबला होने वाला है।

# सुरक्षात्मक हिरासत में लेने का मनमाना चलन खत्म हो : सुप्रीम कोर्ट


## शीर्ष अदालत ने रद्द किया तेलंगाना हाईकोर्ट का आदेश

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के एक आदेश को रद्द कर दिया है। दरअसल तेलंगाना के राचाकोंडा में 12 सितंबर 2023 के दिन एक व्यक्ति को खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम 1986 के तहत पुलिस द्वारा सुरक्षात्मक हिरासत में लिया गया था। व्यक्ति द्वारा चार दिन बाद तेलंगाना हाईकोर्ट में अपील की गई लेकिन उसकी याचिका खारिज कर दी गई। इसके बाद बंदी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने बंदी की अपील को खारिज करने वाले तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया है।



भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सुरक्षात्मक हिरासत की अवधारणा किसी व्यक्ति को उसके किए गए काम के लिए दंडित करना नहीं बल्कि उसे ऐसा करने से रोकने के लिए है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सुरक्षात्मक हिरासत से संबंधित किसी भी अधिनियम के तहत शक्ति का प्रयोग बहुत सावधानी और संयम के साथ किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि सुरक्षात्मक हिरासत एक कठोर उपाय है। इसके नियमित प्रयोग पर आधारित इस तरह के किसी भी कदम को शुरुआत में ही खत्म किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने में राज्य की पुलिस मशीनरी अगर फेल होती है, तो यह बात सुरक्षात्मक हिरासत लागू करने का बहाना नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारे लिए यह कहना मुश्किल है कि अपीलकर्ता ने सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन किया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए हिरासत आदेश को रद्द कर दिया।



क्रांतिकारी भगत सिंह की पुण्य तिथि पर गांधी भवन में टीपीसीसी के उपाध्यक्ष टी कुमार राव, टीपीसीसी सचिव मणिलाल शाह, राम मोहन, सुधाकर, श्रीनिवास रेड्डी और ए भास्कर द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



गो ध्यान फाउंडेशन द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा कार्यक्रम आगामी 29, 30, 31 मार्च को एसएनसी कन्वेंशन मैं आयोजित किया गया है। इसमें पूर्व सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी को आमंत्रित किया गया है। इसके अयोजक दीपक विजयवर्गी एवं साथ में गौतमी रेड्डी एवं सतीश कुमार जाजू।

# गढ़चिरौली में तेलंगाना सहित तीन राज्यों के पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

## लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को तीनों राज्यों की पुलिस ने बनाई रणनीति



**असिफाबाद, 23 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली एसपी कार्यालय में तीन राज्यों तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। गढ़चिरौली के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गोयल ने बैठक का समन्वय किया, वहीं रामागुंडम के पुलिस आयुक्त एम श्रीनिवासुलु ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने माओवादी पार्टी के आंदोलनों, चरमपंथियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने, माओवादी पार्टी की गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में चर्चा की। रामागुंडम पुलिस आयुक्त, आसिफाबाद एसपी, भूपालपल्ली एसपी और मंचिरयाला डीसीपी रामागुंडम आयुक्त कार्यालय में हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा गढ़चिरौली गए और बैठक में भाग लिया। इस मौके पर बैठक में अधिकारियों ने कहा कि तीनों राज्यों के सीमावर्ती जिलों के अधिकारी समन्वय बनाकर चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रवेश और निकास मार्गों पर चेक पोस्ट स्थापित किए जाएं और सशस्त्र जांच की जाए और तीनों राज्यों की पुलिस एक-दूसरे के साथ सूचना तंत्र का समन्वय कर सुचारू चुनाव सुनिश्चित करें। उन्होंने सुझाव दिया कि तेलंगाना और अन्य राज्यों की सीमा पर समस्याग्रस्त गांवों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

तीनों राज्यों की पुलिस को एनबीडब्ल्यू वारंट के मामले में एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। तेलंगाना में लोकसभा चुनाव प्रभावी ढंग से आयोजित किए जाने चाहिए और सुरक्षा उपाय स्थापित किए जाने चाहिए। उन्होंने अपराध और मुकदमों के मामले में एक-दूसरे का सहयोग करने को कहा। दोनों राज्यों के अधिकारियों ने संसदीय चुनाव की पृष्ठभूमि में उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की। बैठक में संसदीय चुनाव को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विभिन्न निर्णय लिये गए। समन्वय बैठक में तीन राज्यों के सीमावर्ती इलाकों के पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

# श्री श्याम मन्दिर काचीगुड़ा में श्याम संग फूलों की होली कल

**हैदराबाद, 23 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री कांची कामकोटि पीठम् श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के तत्व-ावधान में श्री श्याम मन्दिर, काच-ीगुडा, वीरन्नागुट्टा में होली के अवसर पर सोमवार 25 मार्च को सुबह 10 से 12:30 बजे तक श्याम संग फूलों की होली कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी श्री श्याम मन्दिर सेवा समिति के मंत्री इन्दरकरण अग्रवाल के द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार श्याम संग फूलों की होली के अन्तर्गत सुप्रसिद्ध भजन गायक सुनील शर्मा एवं शम्भु अग्रवाल द्वारा होली के भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। अवसर पर फतेहपुर शेखावटी के सुरेन्द्र एण्ड पार्टी के द्वारा राजस्थानी लोकगीत, चंगधमाल प्रस्तुत किया जायेगा। इस अवसर पर नगरद्वय के सभी श्याम प्रेमी तथा सभी श्याम प्रेमी संस्थाओं के सदस्य श्याम संग फूलों की होली खेलने सादर आमंत्रित है। अवसर पर मंदिर परिसर में रंग-गुलाल लाना वर्जित है।

# उन्नति महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव



**हैदराबाद, 23 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

उन्नति महिला मंडल चप्पल बज़ार हैदराबाद के तत्वावधान में होली उत्सव मनाया गया। मंडल की संयोजिका शकुंतला जाजू ने यह जानकारी दी। होली उत्सव कृष्णा ग्रन्डियूर चप्पल बाज़ार में सम्पन्न हुआ।

होली उत्सव को उन्नति के रंग काना के संग के उत्घोष से मनाया गया।

उत्सव में होली के भजनों के साथ राधाकृष्ण के भजनों का भी आनंद लिया गया।

अवसर पर गुलाल और फूलो की होली खेली गई। होली के थीम पर महातम्बोला का आयोजन हुआ।

तत्पश्चात अल्पहार के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

आगामी 28 मार्च को गणगौर उत्सव दोपहर 2 से 5 बजे तक रिधम हॉल, हरिद्वार होटल के सामने, विमेंस कॉलेज के पास होगा, जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महातंबोला एवं कई आकर्षक प्रोग्राम किये जायेंगे।

इसकी भी घोषणा कि गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल की शकुंतला जाजू, संगीता मालू, सुनीता चांडक, सीमा चांडक, नेहा लोया, अन्नपूर्णा अग्रवाल, संगीता चांडक, निर्मला डाढ़, लीला बंग, संगीता सारडा, उर्मिला धूत, मंगला बंग, अर्चना सोनी, सबिता काबरा, वंदना अट्टल, स्नेहा राठी, स्वाति जाजू, पूजा पंसारी, रीतू बंग, प्रियंका जाजू, अनीता तोतला, पूनम जोशी ने सभी को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।



हिमायत नगर स्थित होटल बेसिल में माथुर वैश्य चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाई होली।

# एसीबी ने सब-रजिस्ट्रार और कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

**हैदराबाद, 23 मार्च (शुभ लाभ ब्युरो)।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने एक सब-रजिस्ट्रार और डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) को 19,200 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।एसीबी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आरोपी अधिकारी महबुबाबाद के उप-रजिस्ट्रार कार्यालय पर उप-रजिस्ट्रार (ए0-1) तसलीरना मोहम्मद और उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के डेटा एंट्री ऑपरेटर




(आउटसोर्सिंग) (एओ-2) एलेटी वेंकटेश हैं।

आरोपी अधिकारियों ने दंथलापल्ली के शिकायतकर्ता गुडागनी हरीश से दंथलापल्ली में शिकायतकर्ता द्वारा खरीदी गई भूमि के पंजीकरण के काम को संसाधित करने के लिए आधिकारिक लाभ देने के लिए 19,200 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की।इसके बाद, एसीबी टीम ने अधिकारियों के कब्जे से रकम बरामद कर ली। उपरोक्त राशि के अलावा, एओ-2 के पास 1.72 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी पाई गई।सूत्रों के अनुसार, आरोपी अधिकारियों ने अपना सार्वजनिक कर्तव्य अनुचित और बेईमानी से निभाया। दोनों को गिरफ्तार किया गया और एसपीई एवं एसीबी मामलों के विशेष न्यायालय-सह-तृतीय अतिरिक्त



बजरंग सेना तेलंगाना टीम ने शनिवार को एनआर लक्ष्मण राव अध्यक्ष बजरंग सेना तेलंगाना के नेतृत्व में शहीद दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूर्य शुक्ला महासचिव, विनय तिवारी बजरंग सेना तेलंगाना राज्य सलाहकार, येरम श्रीनिवास उपाध्यक्ष, श्रीनिवास गुप्ता उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह ठकराल, राजशेखर, अरुण सिंह, मोना सिंह, आशीष, राजाराम, और अन्य उपस्थित थे।



